प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में मादक पदार्थ निपटान पखवाड़े की शुरूआत की, सरायकेला में हुआ सबसे बड़ा ड्रग्स डिस्पोजल।

2. अफीम की खेती रोकने को लेकर झारखंड सरकार ने अपनाई जीरो टोलरेंस नीति, गृह सचिव और डीजीपी ने की उच्चस्तरीय बैठक, संलिप्तता पर कठोर कार्रवाई की दी चेतावनी ।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– झारखंड को पर्यटन हब के रूप में पहचान देना लक्ष्य, बेहतरीन पर्यटक स्थल के रूप में तोपचांची झील होगा विकसित, बढ़ेंगे रोजगार।

4. राज्यपाल संतोष गंगवार ने राँची विश्वविद्यालय में भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का किया उद्‌घाटन ।

5. वीमेंस हॉकी इंडिया लीग का रांची में कल से होगा आगाज, 4 टीमें लेंगी हिस्सा , 26 जनवरी को होगा फाइनल मुकाबला

*********************

देश को नशा मुक्त करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को मजबूत करते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में ड्रग्स विनष्टीकरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में दो हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए अभियान की शुरूआत की। अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा कि चुनौतियों को देखते हुए रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

इस पखवाड़े के अंतर्गत देश का सबसे बड़ा ड्रग डिस्पोजल एनसीबी द्वारा सरायकेला खरसावां जिले में हुआ। गृह मंत्रालय द्वारा पूरे भारत में 9 स्थानों पर ड्रग्स विनष्टीकरण पखवाड़ा चलाया जा रहा है जो 11 से 25 जनवरी तक चलेगी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ऑनलाइन जुड़े रहे। जोनल डायरेक्टर एनसीबी, अभिषेक आनंद ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश को नशा मुक्त करने की पहल को सशक्त बनाया जा रहा है

*********************

अफीम की खेती को रोकने के लिए राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। रांची के बुंडू में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने उच्चस्तीय बैठक की। उन्होंने पोस्ते की खेती पर पूर्णतः लगाम लगाने का निर्देश दिया। डीजीपी ने अफीम की खेती में संलिप्तता पाए जाने पर अधिकारियों को कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड को पर्यटन हब बनाने के लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग और नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करे। उन्होंने कहा कि सरकार धनबाद की तोपचांची झील को आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बेहतर कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची झील का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यीकरण कर बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना सरकार की प्राथमिकता है।

*********************

श्रम नियोजन और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और देवघर विधायक सुरेश पासवान ने प्लास्टिक पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने इंजीनियर से विस्तारपूर्वक प्लास्टिक पार्क में बने भवन के बारे में जानकारी ली। झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम ने देवीपुर इंडस्ट्रियल एरिया में लगभग 93 एकड़ में जमीन पर पार्क बनाने का निर्णय लिया था. इसमें प्लास्टिक से बननेवाले सामानों का उत्पादन किया जायेगा।

*********************

रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और एनटीपीसी के संयुक्त तत्वाधान में रांची में पहला ऐश यूजर मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फ्लाई ऐश के नवाचार और स्थाई उपयोग पर जोर दिया गया। राज्य के नगर विकास सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड में एनएचएआई परियोजनाओं के तहत 720 किलोमीटर हाईवे के निर्माण में 2 करोड़ मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है। पीबीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने शत प्रतिशत पर्यावरण अनुकूल ऐश उपयोग की प्रतिबद्धता दुहराई। श्री राजकमल ने ऐश के बेहतर इस्तेमाल पर बल दिया

*********************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची में भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ किया। रॉंची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल ने कहा कि भारत के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएँ, जैसे फूलो–झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। माननीय राज्यपाल महोदय ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

*********************

पलामू के डालटनगंज में एमआरएमसीएच की ओपीडी, इमरजेंसी सहित अन्य व्यवस्था एएनएम–जीएनएम स्कूल में शिफ्ट होगी। 15 दिनों के भीतर पूरा सेटअप ले जाकर पुराने और जर्जर भवनों को तोड़ने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त शशि रंजन ने कल एमआरएमसीएच का निरीक्षण करने के बाद यह निर्देश दिए और तत्काल काम शुरू कराने की बात कही

*********************

ह्यूमन मेटा न्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण को लेकर सिमडेगा जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता ।

*********************

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है.। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सादगी और ईमानदारी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी ने अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से देश के राजनीतिक इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। '

*********************

रांची में कल से महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत होगी। मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह मुडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और जेएसडब्ल्यू सुरमा हॉकी क्लब पंजाब की टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी। 26 जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। कल दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वॉरियर्स के बीच पहला मुकाबला होगा। लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम की वर्तमान कप्तान सलीमा टेटे समेत झारखंड की चार खिलाड़ी संगीता कुमारी, विनीता धान और ब्यूटी डुंगडुंग अलग–अलग टीमों से हिस्सा ले रही है।

*******समाप्त*************